हिन्दी, उर्दू, पंजाबी में एक साथ प्रकाशित दिल्ली सरकार की मासिक पत्रिका

अंकः अक्तूबर–दिसम्बर 2014

# दिल्ली

ਦਿੱਲੀ دلّی






उपराज्यपाल श्री नजीब जंग और मुख्य सचिव श्री दीपक मोहन स्पोलिया भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, 2015 में दिल्ली मंडप में आयोजित वस्तुओं का निरीक्षण करते हुए।




भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, 2015 में दिल्ली दिवस पर दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीब जंग का स्वागत करते हुए सूचना एवं प्रचार निदेशालय के निदेशक श्री सज्जन सिंह यादव

# दिल्ली

अंक : अक्तूबर—दिसंबर 2014

प्रधान सम्पादक
सज्जन सिंह यादव

अतिरिक्त निदेशक
कुलानन्द जोशी

सम्पादक
नलिन चौहान

सम्पादकीय सहायक
महेश चन्द्र मौर्या, कंचन आजाद
विनोद गुप्ता, चन्दन कुमार
अमित कुमार, मनीष कुमार
उर्मिल बेनिवाल

छाया चित्र
सुधीर कुमार, श्याम नारायण उपाध्याय,
अजय कुमार, योगेश जोशी



"दिल्ली" पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में अभिव्यक्त विचार रचनाकारों के अपने हैं तथा दिल्ली सरकार का इनसे सहमत होना आवश्यक नहीं।



पत्राचार का पता
**प्रधान सम्पादक**
दिल्ली सूचना एवं प्रसार निदेशालय
दिल्ली सरकार
खंड सं. 9, पुराना सचिवालय, दिल्ली—110054
दूरभाष : 23819046, 23817926
फैक्स : 23814081
ई—मेल : delhidip@gmail.com







## महिला उद्यमियों का सम्मान 9

## इस अंक में...

### हिन्दी


चांदनी चौक—जामा मस्जिद इलाके के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा ........ 3
गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल ने किए 50 वर्ष पूरे ........ 6
उर्दू के शायर, अदीब फनकार पुरस्कार से सम्मानित ........ 11
दिल्ली में स्वच्छ भारत अभियान की प्रगति ........ 13
उपराज्यपाल ने की स्वच्छता अभियान की समीक्षा ........ 15
स्वच्छ भारत अभियान ........ 18
गतिविधियां ........ 22


### ਪੰਜਾਬੀ


ਚਾਂਦਨੀ ਚੌਂਕ - ਜਾਮਾ ਮਸਜਿਦ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਮੁੜ ਵਿਕਾਸ ਕੰਮਾਂ ਦੀ ਸਮੀਖਿਆ ........ 1
ਗੋਵਿੰਦ ਬਲਭ ਪੰਤ ਹਸਪਤਾਲ ਨੇ ਕੀਤੇ 50 ਸਾਲ ਪੂਰੇ ........ 4
ਉਪਰਾਜਪਾਲ ਨੇ ਕੀਤਾ ਮਹਿਲਾ ਉਦਮੀਆਂ ਦਾ ਸਨਮਾਨ ........ 7
ਉਰਦੂ ਦੇ ਸ਼ਾਇਰ, ਅਦੀਬ ਫ਼ਨਕਾਰ ਪੁਰਸਕਾਰ ਨਾਲ ਸਨਮਾਨਿਤ ........ 9
ਦਿੱਲੀ ਵਿਚ ਸਵੱਛ ਭਾਰਤ ਅਭਿਆਨ ਦੀ ਪ੍ਰਗਤੀ ........ 11
ਉਪਰਾਜਪਾਲ ਨੇ ਕੀਤੀ ਸਵੱਛਤਾ ਅਭਿਆਨ ਦੀ ਸਮੀਖਿਆ ........ 13


### उर्दू


چاندنی چوک جامع مسجد علاقے کے ترقیاتی کاموں کا جائزہ ........ 1
گووند بلبھ پنت اسپتال نے کئے 50 سال پورے ........ 4
سورن جینتی یومِ تاسیس کا انعقاد
لیفٹیننٹ گورنر نے کیا مہیلا اودھمیوں کا سمّان ........ 7
دہلی میں سوچھ بھارت مہم کی پیش رفتگی ........ 9
لیفٹیننٹ گورنر نے سوچھتا ابھیان کا جائزہ لیا ........ 11

# प्लास्टिक, कूड़ा और पत्तियाँ न जलाएं

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## पत्तियों को ज़मीन में दबाकर खाद बनाएं





### प्लास्टिक, कूड़ा एवं पत्तियों को जलाने से नुकसान

- प्रदूषण और धुआं
- सांस लेने में दिक्कत और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं
- पर्यावरण के लिए नुकसानदेह

शिकायत या सुझाव के लिए हेल्पलाइन नम्बर 9717593574 पर डायल करें,
या
फ़ेसबुक पेज 'Delhi Pollution Control Committee' पर जाएं।

दिल्ली सरकार
दिल्ली टीम-स्वप्न करे साकार

**पर्यावरण एवं वन विभाग**
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
वेबसाइटः www.environment.delhigovt.nic.in

DIP/1718/14-15

**आओ बढ़ाएें... स्वच्छ दिल्ली की ओर पहला कदम**

# चांदनी चौक - जामा मस्जिद
# इलाके के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा

दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीबजंग ने राजनिवास में केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार डॉ. हर्षवर्धन के साथ मिलकर चॉंदनी चौक तथा जामा मस्जिद इलाके के पुनर्विकास से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सचिव लोक निर्माण, निगमायुक्त, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली जल बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी, सचिव, ऊर्जा, प्रंबध निदेशक, दिल्ली मेट्रो, संयुक्त आयुक्त पुलिस, यातायात, क्षेत्रीय प्रंबधक, उत्तरी रेलवे, श्री संजय भार्गव, चांदनी चौक व्यापर मंडल के महासचिव तथा कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

सचिव, लोक निर्माण विभाग ने उपराज्यपाल महोदय को 10 नवम्बर को हुई बैठक में हुए निर्णय के संबंध में बताते हुए कहा कि दिल्ली जल बोर्ड की पुरानी पानी की और सीवर की लाईन, बिजली के ट्रांसफारमर, टेलीफोन के गोदाम, पुलिस चौकी आदि के मुददे संतोषजनक तरीके से सुलझा लिए गए हैं तथा इनके स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा पुनर्विकास के अंतर्गत आर.सी.सी.डक्ट को भूमिगत किया जा रहा है जिससे चांदनी चौक का दृश्य स्पष्ट दिखाई देगा।






दिल्ली मेट्रो के प्रबंध निदेशक ने उपराज्यपाल को बताया कि चांदनी चौक ट्राम सेवा परियोजना तीन सालों में पूरी हो जाएगी। अध्ययन में यह निकलकर आया कि प्रस्तावित ट्राम के द्वारा 1 लाख लोग प्रतिदिन तथा 5000 लोग प्रति घंटा यात्रा कर सकेगें। प्रस्तावित ट्राम लाईन 4.55 किलोमीटर लम्बी होगी जो चांदनी चौक क्षेत्र में लूप आधार पर चालित होगी। दो कोचयुक्त कुल 6 ट्राम 200 यात्रियों की क्षमता सहित लूप पर चलेगी। दो ट्रामों के बीच में मध्यांतर लगभग 2 या 3 मिनट का होगा। प्रस्तावित ट्राम अपना पूरा चक्कर लगाने में 15 मिनट का समय लेगी। ट्राम से चांदनी चौक तथा उसके आस–पास के क्षेत्र की भीड भाड़ कम करने तथा प्रदुषण मुक्त आवागमन में सहायता मिलेगी।

बैठक में निम्न अन्य मुददों पर भी चर्चा की गई :

- चांदनी चौक स्थित फव्वारें को उसकी पुरानी गरिमा दिलाने के लिए उसका पुनर्निर्माण।
- दंगल मैदान की पार्किंग का विकास और गांधी मैदान की पार्किंग का उन्नतिकरण। इसके अतिरिक्त अन्य पार्किंग स्थलों पर भी चर्चा की गई।
- फुटपाथ अतिक्रमण।

केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने आश्वस्त किया कि वह पार्क्रिंग तथा अतिक्रमण से संबंधित मामलों को सुलझाने में सहायता करेगें तथा वहां के लोगों और अधिकारियों के साथ इन मामलों को शीघ्र सुलझाने के लिए बैठक भी करेगें।

- **उपराज्यपाल श्री नज़ीब जंग और केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने मिलकर राजनिवास में चांदनी चौक तथा जामा मस्जिद इलाके के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।**
- **उपराज्यपाल तथा डॉ. हर्षवर्धन ने अधिकारियों को काम तय समय सीमा में खत्म करने के निर्देश दिए।**
- **चांदनी चौक क्षेत्र में ट्राम सेवा का काम तीन साल में पूरा कर लिया जाएगा।**

**दिल्ली मेट्रो के प्रबंध निदेशक ने उपराज्यपाल को बताया कि चांदनी चौक ट्राम सेवा परियोजना तीन सालों में पूरी हो जाएगी। अध्ययन में यह निकलकर आया कि प्रस्तावित ट्राम के द्वारा 1 लाख लोग प्रतिदिन तथा 5000 लोग प्रति घंटा यात्रा कर सकेगें। प्रस्तावित ट्राम लाईन 4.55 किलोमीटर लम्बी होगी जो चांदनी चौक क्षेत्र में लूप आधार पर चालित होगी। दो कोचयुक्त कुल 6 ट्राम 200 यात्रियों की क्षमता सहित लूप पर चलेगी। दो ट्रामों के बीच में मध्यांतर लगभग 2 या 3 मिनट का होगा। प्रस्तावित ट्राम अपना पूरा चक्कर लगाने में 15 मिनट का समय लेगी। ट्राम से चांदनी चौक तथा उसके आस-पास के क्षेत्र की भीड भाड़ कम करने तथा प्रदूषण मुक्त आवागमन में सहायता मिलेगी।**

बैठक में इसके अतिरिक्त जामा मस्जिद क्षेत्र के पुनर्विकास की भी समीक्षा की गई। शाहजहानाबाद पुनर्विकास निगम के प्रबंध निदेशक ने बताया कि लोक निर्माण विभाग तथा एस.आर.डी.सी के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर हुए है जिसके अंतर्गत जामा मस्जिद के आस–पास का पुनर्विकास संबंधी कार्य किया जाएगा। सहमति पत्र में काम को तेजी से करने के संबंध में दिशा निर्देश तथा समय सीमा का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

चांदनी चौक तथा जामा मस्जिद के पुनर्विकास से संबंधित प्रेजेंनटेंशन की समीक्षा करते हुए श्री जंग तथा डॉ. हर्षवर्धन ने इन दोनों क्षेत्रों की महत्ता पर जोर देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को पुनर्विकास से संबंधित सभी कार्यो को तय समय सीमा में खत्म करने के निर्देश भी दिए। ■





# गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल ने किए 50 वर्ष पूरे, स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस का आयोजन




दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन और दिल्ली के उप–राज्यपाल श्री नजीब जंग ने दिल्ली के मुख्य सचिव श्री डी.एम. सपोलिया, स्वास्थ्य सचिव श्री एस.सी.एल. दास और गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल के निदेशक डा. संजय त्यागी की उपस्थिति में मणिदीप प्रज्वलित करके की। इस मौके पर गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल के 50 वर्ष के इतिहास पर एक किताब का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल

**केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन ने कहा कि जी.बी.पंत अस्पताल के स्वर्ण जयंती वर्ष में संस्थापक दिवस के आयोजन में सम्मिलित होकर मुझे अपार हर्ष हो रहा है। जी.बी. पंत अस्पताल 50 वर्षों से निरन्तर उच्च स्तर की सुपरस्पेशिलिटी सेवायें प्रदान कर रहा है। डा. हर्षवर्धन ने यह भी कहा कि इस अस्पताल से मेरी व्यक्तिगत यादें भी जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली का स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते से भी मैं इस अस्पताल से जुड़ा रहा हूँ।**

के स्वर्ण जयंती वर्ष में संस्थापक दिवस के आयोजन में सम्मिलित होकर मुझे अपार हर्ष हो रहा है। जी. बी. पंत अस्पताल 50 वर्षों से निरन्तर उच्च स्तर की सुपरस्पेशिलिटी सेवायें प्रदान कर रहा है।

डा. हर्षवर्धन ने कहा कि इस अस्पताल से मेरी व्यक्तिगत यादें भी जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली का स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते से भी मै इस अस्पताल से जुड़ा रहा हूँ। उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव श्री दीपक मोहन स्पोलिया और स्वास्थ्य सचिव श्री एस.सी.एल. दास को आश्वासन दिया कि सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे जो भी प्रस्ताव भेजेंगे उस पर पूरा विचार किया जाएगा। उन्होंने पंत अस्पताल के पूर्व निदेशकों को उनकी विशिष्ट सेवा के लिए प्रतीक चिह्न और प्रशस्ति पत्र भी बांटे। उन्होंने कहा कि इस स्मरणीय अवसर पर संस्थान, इसके डाक्टरों, नर्सों एवं समस्त कर्मियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

इस अवसर पर उपस्थित दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीब जंग ने कहा कि मेंरी आकांक्षा है कि जी.बी.पंत अस्पताल अपनी विशिष्ट क्षमता के साथ स्वच्छ परिवेश, स्वच्छ कार्यशैली, सुव्यवहार और मानवीय संवेदना के लिए भी उतनी ही अच्छी तरह जाना जाए जितना अच्छी तरह ईलाज के लिए जाना जाता है। यहां उपस्थित हमारे मान्य चिकित्सकों से मैं अनुरोध करता








हूँ कि वे भविष्य में भी हमारे देश के अनुरूप नई तकनीकों का विकास करें जिसका लाभ जन–सामान्य तक पहुंच सके। गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल आज 50 वर्ष का एक युवा संस्थान है, यह एक शाश्वत संस्था बनकर रहे, यह मेरी हार्दिक कामना है। आपसे अपेक्षा है कि 50 वर्षों की अर्जित इस पूंजी का आप उत्तरोत्तर विकास करेंगे और इस संस्था का विश्व की उच्च स्वास्थ्य संस्थाओं में एक अग्रणी स्थान दिलाएंगे। श्री जंग ने पंत अस्पताल से डाक्टरी के पढाई कर रहे विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी बांटे।

इस मौके पर बोलते हुए दिल्ली के मुख्य सचिव श्री डी. एम. स्पोलिया ने कहा कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री भी स्वयं एक प्रतिष्ठित चिकित्सक हैं। इस अस्पताल को आगे ले जाने में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में भी उनका सराहनीय योगदान रहा है। आशा है उनके मार्गदर्शन में देश की स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा मिलेगी। हमारे माननीय उपराज्यपाल श्री नजीब जंग जी भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं एवं इसमें विशेष रूचि लेते हैं। मै उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव श्री एस.सी.एल. दास ने कहा कि गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल की अवधारणा उस वक्त की गई जब सुपरस्पेशिलिटी की जानकारी तक नहीं थी। यह सरकार की दूरगामी सोच और जन–जन के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की परिणति थी। आगमी वर्षों में जी.बी.पंत अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा ताकि इस संस्थान में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जा सके।

कार्यक्रम में अस्पताल के विभिन्न विभागों/संकायों के अध्यक्षों के अलावा अस्पताल के पर्व निदेशकों की मौजूदगी रही। अस्पताल के निदेशक डा. संजय त्यागी ने अस्पताल को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए अस्पताल के विभिन्न विभागों/संकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों का उत्साह बढाते हुए भविष्य की कई योजनाओं को पेश किया। ■

**दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीब जंग ने कहा कि मेरी आकांक्षा है कि जी.बी.पंत अस्पताल अपनी विशिष्ट क्षमता के साथ स्वच्छ परिवेश, स्वच्छ कार्यशैली, सुव्यवहार और मानवीय संवेदना के लिए भी उतनी ही अच्छी तरह जाना जाए जितना अच्छी तरह ईलाज के लिए जाना जाता है। यहां उपस्थित हमारे मान्य चिकित्सकों से मैं अनुरोध करता हूँ कि वे भविष्य में भी हमारे देश के अनुरुप नई तकनीकों का विकास करें जिसका लाभ जन-सामान्य तक पहुंच सके। गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल आज 50 वर्ष का एक युवा संस्थान है, यह एक शाश्वत संस्था बनकर रहे, यह मेरी हार्दिक कामना है।**




# उपराज्यपाल ने किया महिला उद्यमियों का सम्मान

दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीब जंग ने भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले प्रगति मैदान में दिल्ली मंडप का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव श्री डी एम स्पोलिया भी उपराज्यपाल के साथ रहे। दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली गणमान्य महिलाएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। श्री जंग ने मंडप के प्रवेश द्वार पर दीप जलाकर प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया और सूचना और प्रचार निदेशालय द्वारा आयोजित दिल्ली की विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला उद्यमियों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों के अलावा स्वच्छ भारत मिशन पर उत्कृष्ट चित्रों का समावेशन किया गया है। उपराज्यपाल द्वारा विशाल एलईडी स्क्रीन पर सांस्कृतिक लोकाचार, समग्र संस्कृति, खाना खजाना और दिल्ली की महिला उद्यमियों की सफलता की कहानी को सराहा गया। सचिव, सूचना एवं प्रचार श्री एस एस यादव ने फिक्की के महिला संगठन की प्रमुख सुश्री नीता बूचरा के साथ कार्यकारी निदेशक डॉ मंजू कालरा प्रकाश ने प्रदर्शनी में उपराज्यपाल का स्वागत किया। श्री जंग ने मुख्य सचिव के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गई प्रदर्शनियों और स्टालों का दौरा किया और महिला उद्यमियों से उनकी सफलता की कहानी के बारे में बातचीत की। श्री जंग ने महिला उद्यमियों के प्रेरणादायक और समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के बारे में उनके योगदान के बारे में भी पूछताछ की।





उपराज्यपाल ने पर्यटन विभाग, शिक्षा, खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, मिशन कन्वर्जेंस (सामाजिक सुविधा संगम), पर्यावरण और वन, व्यापार और टैक्स, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग, दिल्ली पार्क और गार्डन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली कारागार (तिहाड़) डीएसआईआईडीसी, और दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट द्वारा लगायी गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

श्री नजीब जंग ने स्टालों का निरीक्षण करते हुए लकड़ी पर नक्काशी, बुनाई और घरेलू उत्पादों से संबंधित व्यवसायों के क्षेत्र में महिला उद्यमियों के कौशल को सराहा । श्री जंग खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों, बुनाई,, कढ़ाई, सुई शिल्प, दाल–बडी, और घर के उत्पादों को बनाने के लिए प्रयुक्त कौशल के बारे में जाना। श्री जंग की उत्सुकता खादी उत्पादों के निर्माण के प्रति भी रहा, उन्होंने चरखा भी चलाया।

- **उप राज्यपाल द्वारा दिल्ली पवेलियन का उद्घाटन एवं महिलाओं उधमियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन**
- **श्री जंग ने किया महिलाओं उधमियों का सम्मान**
- **दिल्ली, आईआईटीएफ 2014 का फोकस स्टेट**

दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीब जंग ने दिल्ली पवेलियन में व्यापार एवं उद्यम के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाली तथा दिल्ली के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में योगदान करने वाली चुनिंदा महिला उद्यमियों एवं हस्तियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली महिला उद्यमियों में लैला तैयबजी, रीतू डालमिया, किरण चौपड़ा, रीना ढाका, रीतू बेरी, शाहीन अंजुम, स्नेह गंगल, सुनीता गोदारा, किरण चोपड़ा और सामाजिक सुविधा की महिला उद्यमी प्रमुख रही। उपराज्यपाल ने इस मौके पर राजधानी क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में महिला उद्यमियों की उल्लेखनीय भूमिका की सरहाना की।



# उर्दू के जाने माने शायर व विद्वान पुरस्कारों से सम्मानित




दिल्ली के मुख्य सचिव श्री डी. एम. स्पोलिया ने दिल्ली सचिवालय में उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित शानदार समारोह में उर्दू के प्रतिष्ठित विद्वानों, कवियों, लेखकों, पत्रकारों और टीकाकारों को वार्षिक पुरस्कार 2013 से सम्मानित किया। इन सम्मानित प्रतिष्ठित लोगों में प्रोफेसर सैय्यद जाफर को ऑल इंडिया बहादुर शाह जफर अवार्ड से सम्मानित किया गया वहीं प्रोफेसर शमीम हनफी को पंडित बृजमोहन दातातार्या कैफी पुरस्कार से, डॉ. खॅवर हाशमी को अनुसंधान व आलोचक पुरस्कार से, श्री इकबाल मेंहदी को रचनात्मक लेखन पुरस्कार से, श्री फरहत एहसास को उर्दू काव्य पुरस्कार से, श्री सुहेल अंजुम को उर्दू पत्रकारिता पुरस्कार से, डॉ. अर्जुमंद आरा को उर्दू अनुवाद पुरस्कार से और श्री शाहिद अनवर को उर्दू ड्रामा के लिए पुरस्कृत किया गया। इन विद्वानों को मुख्य सचिव ने प्रसशित पत्र, स्मृति चिन्ह, शाल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार राशि में जहां प्रोफेसर सैय्यदा जाफर और प्रोफेसर शमीम हनफी को 1.5 लाख रुपए के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया वहीं 6 विद्वानों को 50—50 हजार रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया गया।

मुख्य सचिव ने इस अवसर पर कहा कि उर्दू भाषा बहुत ही मधुर और हृदय को छूने वाली भाषा है। यह दिलों को जोड़ने वाली ज़बान है। हमारे शायरों ने, गीतकारों ने नगमा निगारों ने और फिल्मकारों ने इस भाषा को प्रचुरता





से प्रयोग में लाकर देश के लोगों को एक सूत्र में पिरोये रखने में अपनी भूमिका बखूबी निभायी है। गीत हो या कि गजल, शायरी हो या कि इबादत सभी में उर्दू का प्रयोग बहुत ही रसीले और मन भावन अंदाज में हमें देखनें में मिलता है। श्री स्पोलिया ने कहा कि यह ज़बान एक

उर्दू भाषा की उन्नति और विकास के लिए दिल्ली सरकार निरंतर अपनी योजनाएं व कार्यक्रमों को बदस्तूर बढ़ावा देते आ रही है। यही कारण है कि दिल्ली की उर्दू अकादमी इस भाषा के प्रचार प्रसार के लिए पूरे देश में जानी जाती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली अकादमी देश की 16वीं उर्दू

- **दिल्ली के मुख्य सचिव श्री डी. एम. स्पोलिया ने आठ जाने-माने उर्दू के विद्वानों, लेखकों, आलोचकों और पत्रकारों को वर्ष 2013 के लिए पुरस्कृत किया**
- **उर्दू दिलों को जोड़ने वाली भाषा है, इसको जिन्दा रखना हम सब की जिम्मेदारी है- श्री डी. एम. स्पोलिया**
- **प्रोफेसर सैय्यदा जाफर, प्रोफेसर शमीम हनफी, डॉ. ख़ॅवार हाशमी, इकबाल मेंहदी, फरहत एहसास, श्री सुहेल अंजुम, डॉ. अर्जुमन्द आरा और श्री शाहिद अनवर पुरस्कारों से नवाजे गए**

मजहब की ज़बान नहीं अपितु यह मजहबों की ज़बान है। इसको जिंदा रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के सचिव श्री सज्जन सिंह यादव ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि

अकादमी है जिसकी स्थापना उर्दू के विकास व उन्नति के लिए की गयी थी। अकादमी ने अपने कार्यों से पूरे उत्तर भारत में एक से एक शानदार समारोह आयोजित कर नाम कमाया है। इस समारोह का संचालन उर्दू अकादमी के सचिव डॉ. अनीश आजमी ने किया। ■







# दिल्ली में स्वच्छ भारत अभियान की प्रगति

दिल्ली के मुख्य सचिव श्री दीपक मोहन स्पोलिया ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में स्वच्छ भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा की। श्री स्पोलिया ने प्रधान सचिवों, सचिवों से दिल्ली में जारी अभियान पर निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुनर्वास और अनधिकृत कॉलोनियों में स्वच्छता पर अधिक जोर दिए जाने की जरूरत है क्योंकि इन कॉलोनियों को स्वच्छ किए बगैर दिल्ली में इस अभियान के बेहतर परिणाम हासिल नहीं किए जा सकते। मुख्य सचिव ने स्वच्छ भारत अभियान पर पूरी गंभीरता से काम किया जाना चाहिए और इसमें कोई ढील या कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री स्पोलिया ने तीनों निगमों के आयुक्तों से अपने कर्मचारियों को स्वच्छता अभियान के काम–काज को कारगर तरीके से करने के लिए कड़े निर्देश जारी करने को कहा। मुख्य सचिव ने निगमों के संबंधित कर्मचारियों को कमर कस लेने को कहा और जिन इलाकों में गंदगी, कूड़ा–करकट पूरी तरह से हटा लिया गया है वहां के फोटोग्राफ दिल्ली सरकार को भेजे जाएं। श्री स्पोलिया ने विभिन्न विभागों के प्रधान सचिवों/सचिवों से इस महीने की 10, 11 और 12 तारीख को अपने–अपने विभाग के संस्थानों के साथ–साथ अन्य विभागों के संस्थानों का भी निरीक्षण करने को कहा। इस निरीक्षण की रिपोर्ट अगले सप्ताह शुक्रवार तक प्रस्तुत की जानी है। इसका मानकीकृत फारमेट तैयार किया जा रहा है। एक ही फारमेंट में रिपोर्ट आने से सर्वोच्च प्राधिकारी को आसानी से प्रगति का मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। नवंबर और दिसंबर महीने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना को समावेशी बनाया जा रहा है ताकि आगे की कार्यवायी को प्रभावी बनाया जा सके। श्री स्पोलिया ने सुझाव दिया कि स्वास्थ्य सचिव




अपने किसी प्रमुख अस्पताल का निरीक्षण कर सकते हैं और साथ ही साथ स्कूलों का निरीक्षण भी कर सकते हैं। सभी उपायुक्त (राजस्व) भी स्कूलों का निरीक्षण कर सकते हैं। यह काम शिक्षा विभाग के उप–निदेशक भी करते रहेंगे। लोकनिर्माण विभाग से सभी सड़कों और बाजारों का निरीक्षण करने को कहा गया है। विकास आयुक्त नालों और स्वास्थ्य क्षेत्र पर नजर रखेंगे। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, रैन बसेरों और कटरों में सफाई का निरीक्षण करेगा।

श्री स्पोलिया ने शिक्षा निदेशालय और महिला बाल विकास विभाग से बाल स्वच्छता अभियान को पूरी तरह कामयाब बनाने के लिए सुचारू तैयारियां करने को कहा। इस दौरान स्कूलों और बाल गृहों में अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित नेहरू की जयंती 14 नवंबर से शुरू होकर देश की पहली महिला प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती 19 नवंबर का सम्पन्न होगा। श्री स्पोलिया ने शिक्षा निदेशालय से ज्यादा से ज्यादा विधार्थियों को इस अभियान में शामिल करने को कहा। विधार्थियों को प्रेरित किया जाना चाहिए कि वे साफ–सफाई को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। श्री स्पोलिया ने यह भी कहा कि स्वच्छता अभियान में दिल्ली को अग्रणी भूमिका निभात हुए देश में रोल़ मॉडल बनना होगा। ■

- **मुख्य सचिव ने दिल्ली में स्वच्छ भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा की**
- **पुनर्वास और अनधिकृत कॉलोनियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत**
- **सभी प्रधान सचिवों और सचिवों को अपने विभाग से संबंधित संस्थानों के साथ-साथ अन्य विभागों के संस्थानों के निरीक्षण का निर्देश ताकि समुचित मूल्यांकन किया जा सके**
- **नवंबर और दिसंबर महीने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना को समन्वित कार्य के लिए समावेशी बनाया जा रहा है**
- **मुख्य सचिव ने शिक्षा निदेशालय और महिला बाल विकास विभाग से 14 से 19 नवंबर 2014 के बीच बाल स्वच्छता अभियान की पूरी तैयारी करने की बात कही**



# उपराज्यपाल ने की स्वच्छता अभियान की समीक्षा

दिल्ली के उपराज्यपाल श्री नजीब जंग ने राजनिवास में दिल्ली में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा के साथ–साथ आने वाले दिनों में इस अभियान की सफलता के लिए रूपरेखा भी तैयार की। यह बैठक उपराज्यपाल महोदय द्वारा इस अभियान की पाक्षिक बैठक के अनुसरण में थी। इस बैठक में मुख्य सचिव, अध्यक्ष, एन.डी.एम.सी, उपायुक्त पूर्वी दिल्ली नगर निगम, प्रधान सचिव, शिक्षा, सचिव, शहरी विकास, सचिव, लोक निर्माण विभाग, सचिव, स्वास्थ्य, सचिव, पर्यावरण एवं वन, सचिव एवं निदेशक सूचना प्रचार, मंडलायुक्त, प्रबंध निदेशक दिल्ली मेट्रो, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड, विशेष पुलिस आयुक्त कानून, विशेष पुलिस आयुक्त यातायात तथा सभी संबंधित जिलों के उपायुक्त भी उपस्थित थे।

आज की बैठक में विभाग अनुसार समीक्षा के मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार है :

- **शहरी विकासः** सचिव, शहरी विकास ने बताया कि अगले स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाना, 25 अक्टूबर, 2014 को विशेष निरीक्षण करना तथा अगामी दो महीनो के लिए विभागो को सप्ताह अनुसार योजना तथा निरीक्षण योजना आदि दे दी गई है। उन्होने योजना के बारे में बताया कि औद्योगिक संस्थाएं, गैर सरकारी संस्थाएं तथा अन्य इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो गए है। मुख्य सचिव ने वैट तथा आबकारी कार्यालय और ओम विहार और चाणक्य प्लेस के निरीक्षण के बारे में बताया।
- **नगर निगम निकायः** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि कूडा उठाने के काम में 200 मीट्रक टन बढ़ोत्तरी हो गयी है तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। साथ ही होर्डिंग के विरूद्ध भी कार्यवाही की जा रही है तथा उल्लंधन करने वालो के विरूद्ध 140 प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। 850 वर्ग कि0मी0 रोड की मरम्मत

- **उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में स्वच्छता अभियान के कार्यों की समीक्षा की**
- **स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए आपको स्वयं जिम्मेवारी लेनी होगी- श्री जंग**



की गई है, 48 ढलाव, 173 मूत्रालय, 69 सामुदायिक शौचालय आदि पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि ढलावों की सफाई सप्ताह में दो बार की जा रही है और शून्य कचरा घंटा मनाया जा रहा है। जहां ढलाव में किसी प्रकार का कूडा नही मिलता। 23 ढलावों की मरम्मत तथा 23 सामुदायिक शौचालय, मूत्रालय की सफेदी आदि हो गई है। पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि कूडा उठाने के काम में बढोत्तरी के लिए 70 ऑटो टिप्पर तथा 30 ट्रक शामिल किए गए है। पश्चिमी दिल्ली नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि कूडा उठाने के काम में बढोत्तरी की गई है 78 ऐसे स्थानों को चिहिन्त किया गया है जहां कूडा ज्यादा इक्ठठा होता है। ढलाव आदि की मरम्मत की जा रही है तथा अगले दो महीनो मे 250 ढलावों की मरम्म हो जाएगी। इसके अतिरिक्त 40 प्रतिशत सामुदायिक शौचालयों की मरम्मत आदि की भी योजना है।

- **लोक निर्माण विभाग:** सचिव, लोक निर्माण विभाग ने बताया कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रोड की मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है साथ कर्ब और सेंट्रल वर्ज आदि का सुधार, कचरा निस्तारण गड्डों की मरम्मत आदि। लोक निर्माण विभाग अगले दो महीनों में इस अभियान को फलाईओवर के नीचे, इंटरचेंज तथा आईलैंड आदि में भी शुरू करेगा।

- **कृषि उत्पादन विप्पन समिति:** अध्यक्ष ने बताया कि 7 मंडियों का निरीक्षण तथा सफाई कर्मियों की हाजरी की औचक निरीक्षण किया गया। 2 मंडियों, मछली एवं मुर्गा मार्क्रिट में कचरे के निपटान के लिए डाईजेस्टर लगाए गए है। मंडी की योजना है कि वह दरियागंज तथा नसीरपुर की मंडियों में पक्का चबूतरा आदि बनाएगें।
- **सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग:** सभी नालो में से बहते हुए चीजों को निकालने का काम किया जा रहा है।
- **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण:** सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने कई टीमों के द्वारा अस्पतालों, डिस्पेंसरी आदि निरीक्षण तथा निरीक्षण के लिए संघन क्षेत्रों का चयन जिसमें जन सुविधाएं और शौचालय, रिस्पेशन तथा हॉस्टल आदि। स्वास्थ्य सचिव ने सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों को निदेशो का पालन करने के आदेश दिए।
- **शिक्षा:** सचिव, शिक्षा ने स्कूलों में किए गए निरीक्षण विशेषतः शौचालयों का, की रिपोर्ट दी। उन्होने बताया कि वह स्कूलों का 28 स्वच्छता के मानकों के आधार पर ग्रेडिंग कर रहे है। विभाग की 288 स्कूलों शौचालयों बनाने की योजना है जिसमें 156 लडकियों के स्कूल होंगे। उपराज्यपाल महोदय ने कहा कि स्कूलों में स्वच्छता गम्भीरता का विषय है और जो बच्चों में कई बीमारियों का दाता है तथा स्कूलों का निरीक्षण बंद नही



होना चाहिए। उन्होने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वह स्वतंत्रता पूर्वक स्कूलों का निरीक्षण करे।

- **समाज कल्याणः** सचिव, समाज कल्याण ने विभाग के अंतर्गत आने वाले गृहों के दौरे के बारे में बताया।
- **दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्डः** मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्लम क्षेत्रों में से कूडा इक्ठठा करने के अभियान के बारे में बताया तथा जे.जे. क्लस्टर के 300 सामुदायिक शौचालयों में यह अभियान शुरू किया जा रहा है। विभाग ने ऐसे स्थानों को चिहिन्त किया है जहां चालित शौचालय लगाए जा सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने रैन बसरों के दौरे तथा सर्दियों को देखते हुए उनमें सुविधाएं प्रदान करने के बारे में भी बताया।
- **परिवहनः** आयुक्त परिवहन बस स्टेंड, बस डिपो तथा अंतरराज्य बस अड्डों का निरीक्षण के बारे में बताया विशेषतः इन स्थानों से मलबे को हटाने पर ध्यान दिया गया तथा शौचालयों की सफाई आदि सुनिश्चित की गई।
- **दिल्ली जल बोर्डः** मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सीवर ओवर फ्लो की शिकायतों के समाधान के लिए किए गए निरीक्षण के बारे में बताया। उन्होने पानी के ए.टी.एम के बारे बताया तथा शाहबाद दौलतपुर जैस ए.टी.एम की



प्रगाति के बारे में बताया जो पूर्णतः तैयार है। उन्होने अगले 2 महीनों में नये अवजलशोधन संयंत्रों के चालू होने के बारे मे भी बताया।

- **पर्यावरण एवं वन तथा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समितिः** सचिव ने एम्स, बाडा हिन्दुरॉव, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल आदि में किए निरीक्षण के बारे में बताया।
- **खाद्य एवं आपूर्तिः** सचिव ने निरीक्षण तथा भविष्य में 2400 उचित दर की दुकानों के निरीक्षण के बारे में बताया। उन्होने पुराने रिकॉर्ड की वीडिंग आउट के बारे में भी बताया।
- **दिल्ली मेट्रोः** दिल्ली मेट्रो के अधिकारी ने बताया कि दिल्ली मेट्रो के निर्माण स्थलों के आस–पास स्वच्छता अभियान शुरू हो गया है तथा स्टेशन और डिपो आदि में संघन साफ सफाई एवं स्वच्छता का काम चालू है। 155 शौचालयों को चिहिन्त किया गया है जहां पर सफाई की जरूरत है तथा 27 ऐसे स्टेशनों को चिहिन्त किया गया है जहां शौचालयों में मरम्मत और उन्नतिकरण की जरूरत है।
- **दिल्ली पुलिसः** दिल्ली पुलिस ने अनधिकृत पक्रिंग तथा अतिक्रमण के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के बारे में बताया, पिछले दिनों में 19000 वाहनों को दडिंत किया गया।



- **सूचना एवं प्रचार निदेशालयः** सचिव ने बताया कि साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान के बारे जन चेतना जगाने के लिए विज्ञापन, बाह्य प्रचार जिसमें 300 आउटडोर विज्ञापन शामिल है किया जा रहा है साथ डी.टी.सी बसों, रेडियो जिंगल आदि के द्वारा भी प्रचार किया जा रहा है।
- **दिल्ली राज्य औद्योगिक विकास निगमः** प्रंबध निदेशक ने बताया कि 18 औद्योगिक क्षेत्रों में 92 प्रतिशत मलबा हटा दिया गया है।

बैठक के अंत में उपराज्यपाल महोदय ने बताया कि स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए आपको स्वयं जिम्मेवारी लेनी होगीं। उन्होने यह भी कहा कि स्कूल, अस्पताल तथा रैन बसरों आदि जगह गम्भीर है जहां पर किया गया काम दिखना चाहिए। ■




# स्वच्छ भारत अभियान

## के शुभारंभ के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली "स्वच्छता शपथ"

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के शुभारंभ के अवसर पर दिल्ली सचिवालय की लॉबी में लगी विशाल एल ई डी पर प्रधानमंत्री के सीधे संदेश प्रसारण और उनके द्वारा लोगों को दिलायी प्रतिज्ञा का अनुशरण करते हुए दिल्ली के मुख्य सचिव श्री दीपक मोहन स्पोलिया ने वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ स्वच्छता की शपथ ली। प्रतिज्ञा के बाद मुख्य सचिव ने दिल्ली सचिवालय स्थित सभी कार्यालयों और विभागों का निरीक्षण किया और स्वच्छता और सफाई के चल रहे अभियान का अवलोकन किया। मुख्य सचिव ने सामान्य प्रशासन विभाग, सतक्रता, वित्त, योजना, पर्यावरण, कला और संस्कृति, प्रशासनिक सुधार विभाग, सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, शहरी विकास विभाग, गृह, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग आदि का क्रमवार निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों के रख–रखाव, स्वच्छता और सफाई की व्यवस्था के साथ–साथ कॉरीडोर, शौचालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को शौचालयों में स्वच्छता को सुनिश्चित करने के आदेश दिए। अधिकारियों को कहा कि वे अपने सानिध्य में स्वच्छता अभियान को अंजाम देते हुए यह सुनिश्चित करें कि दफ्तरों में आलमारियों, रैक्स और दराज आदि में अनावश्यक कबाड़ व अनावश्यक कागज न रखें।

श्री स्पोलिया ने कर्मचारियों को सलाह दी कि वे वाशरूमों में लगे वाशबेसिन में बरतन न धोएं। ऐसा करने से बाथरूम की नालियां अवरूद्ध होती हैं और गंदगी फैलती है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को स्वच्छ भारत अभियान को एक निरंतर सफाई प्रक्रिया का हिस्सा बनाते हुए इसे एक आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने सभी अधिकारियों

- मुख्य सचिव ने दिल्ली सचिवालय स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया, गलियारों और कमरों में सफाई के साथ-साथ शौचालयों का भी निरीक्षण किया
- मुख्य सचिव ने सरकार के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छ भारत अभियान को एक आंदोलन बनाने की अपील की
- अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न कार्यालयों में पूरे उल्लास और जोश-खरोश के साथ स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया
- विभागों, निदेशालयों, उपायुक्त कार्यालयों, अकादमियों, अस्पतालों, औषधालयों ने एक जुट होकर स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए राजधानी दिल्ली को चमकाया
- विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों ने अधिकारियों के साथ श्रमदान कर सफाई अभियानों की अगुआई की, ढेरों मलवा निकाला, कूड़ा-करकट हटाया
- दिल्ली सचिवालय में स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए 200 बोरे अनावश्यक कबाड़/रिकॉर्ड इत्यादि को हटाया
- दिल्ली सरकार के खाद्य और आपूर्ति, शिक्षा, सूचना और प्रचार, परिवहन, कला और संस्कृति, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, डी एफ सी, जी ए डी, श्रम एवं रोजगार, ए आर, आई टी विभाग, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, स्वास्थ्य, समाज कल्याण विभाग में भी व्यापक सफाई अभियान आरंभ हुए

को निर्देश दिए कि वे प्रति सप्ताह 02 घंटे का समय स्वच्छता के लिए निकालें और स्वच्छता अभियान में श्रमदान कर इस अभियान को सफल बनाएं।

श्री स्पोलिया ने सेवाएं विभाग में सभी कमरों का निरीक्षण किया और विभाग के द्वारा फाइलों की स्वच्छता की नई तकनीक ईजाद करने पर खुशी जाहिर की। नई तकनीक के तहत फाईलों के रिकॉर्ड को मेंटेन करने के लिए और यह चिन्हित करने के लिए अमुक फाईल किस बंडल में होगी, उन्हें क्रमशः हरे, लाल और पीले कपड़ों में लपेट कर रखने की व्यवस्था है।







श्री स्पोलिया ने सभी अधिकारियों को अगाह किया कि वे निरंतर उनके कार्यालायों में सफाई व्यवस्था को जानने के लिए निरीक्षण जारी रखेंगें।

मुख्य सचिव द्वारा सफाई अभियान के शुभारंभ के साथ ही दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपने–अपने कार्यालयों में अपने कर्मचारियों को सफाई व स्वच्छता की शपथ दिलायी और स्वच्छता अभियान में भाग लेकर कूड़े–कचड़े को इकट्ठा कर उसे डलावों में डालने की व्यवस्था की।

सभी विभागों के संयुक्त और सघन सफाई और स्वच्छता अभियानों और सफाई कार्यक्रमों एवं श्रमदानों से राजधानी दिल्ली की एक बदली तस्वीर नजर आयी।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आयुक्त श्री सज्जन सिंह यादव ने विकास भवन में सभी 09 जिलों और 70 मंडल कार्यालयों के अधिकारियों, दिल्ली राज्य आपूर्ति निगम, जिला उपभोक्ता फोरम और फेयर प्राइस शॉप लाइसेंसिज के प्रतिनिधियों को स्वच्छता और सफाई की शपथ दिलायी और व्यापक स्वच्छता अभियान शुरू किया। श्रमदान कर सभी लोगों ने टनों कूड़ा–करकट इकट्ठा किया, ऑफिसों को झाड़–बुहाड़ कर साफ किया। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने–अपने जिलों व मंडलों में सफाई व स्वच्छता की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। विभाग के सभी अधिकारियों ने बुधवार के दिन स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का भी संकल्प लिया।

श्री यादव ने सूचना एवं प्रचार विभाग के सचिव के तौर पर विभाग के उननिदेशकों, सूचना अधिकारियों, सहायक सूचना अधिकारियों और सभी कर्मचारियों को भी स्वच्छता की शपथ दिलायी और दफ्तर में सफाई अभियान की अगुआई की। सभी अधिकारियों ने दफ्तर की सफाई की, कूड़े–कचड़े को इकट्ठा किया और उसे डलाव में पहुंचाया।

परिवहन विभाग में भी सभी अधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ ली और कार्यालय परिसर की सफाई को सुनिश्चित करने के साथ–साथ 13 ऑथोरिटी कार्यालयों मे भी स्वच्छता अभियान को सुनिश्चित कराया। अंतर्राज्यीय बस अड्डा कश्मीरी गेट, सराय काले खॉ और आनंद विहार के साथ–साथ डीटीआईडीसी और डीआईएमटीएस कार्यालयों में भी स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए जहां ऑटो–रिक्शा चालकों और कुली और दुकानदारों ने भी श्रमदान किया।

मंडलायुक्त श्री ज्ञानेश भारती ने सभी जिला उपायुक्तों, अतिरिक्त जिलाधिकारी और उपदण्डाधिकारी एवं कर्मचारियों को सफाई व स्वच्छता की शपथ दिलायी और उनसे कहा कि वे क्षेत्रीय कार्यालयों जैसे तहसील कार्यालयों और ब्लॉकों और जी आर सीस में भी सफाई और स्वच्छता अभियान को चलाएं।

लोक निर्माण विभाग में भी स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाई गई। मुख्य अभियंता ने सभी अधीनस्थ अभियंताओं से उनके कार्यालयों, उनके क्षेत्रों में आने वाली सड़कों, पटरियों और हरित क्षेत्र में भी सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



प्रधान सचिव समाज कल्याण विभाग डॉ. सतबीर बेदी ने निदेशक समाज कल्याण श्रीमती गरिमा गुप्ता, महिला एवं बाल विकास निदेशक श्रीमती सौम्या गुप्ता सहित सभी कर्मचारियों को कार्यालय परिसर में वृहत स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बच्चों के गृहों, बुजुर्गों के गृहों, निर्मल छाया और आशा किरण में भी सफाई अभियान आयोजित किए गए है।

भोज की व्यवस्था की गई। निदेशालय द्वारा इस अवसर पर स्लोगन, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। निदेशालय के 17 लाख विद्यार्थियों और 50 हजार कर्मचारियों ने ''स्वच्छ विद्यालय और स्वच्छ दिल्ली अभियान'' में अपना योगदान दिया।

पर्यावरण सचिव श्री संजीव कुमार ने सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों को स्वच्छता और सफाई

**शिक्षा निदेशालय के 44 विद्यालयों के 2700 विद्यार्थियों ने आज स्वच्छ भारत अभियान के अवसर पर इंडिया गेट में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इन सभी विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिलायी गई स्वच्छता शपथ को ग्रहण करते हुए 03 किलोमीटर लंबी वाकाथन में हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग के सभी कार्यालय और विद्यालय खुले रहे। सभी कर्मचारी 9:00 बजे प्रातः कार्यालय पहुंचे और 9:45 पर सभी ने स्वच्छता शपथ ली और उसके बाद सभी सफाई अभियान में जुट गए। निदेशालय द्वारा बच्चों के लिए विद्यालय में मध्याह्न भोज की व्यवस्था की गई। निदेशालय द्वारा इस अवसर पर स्लोगन, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। निदेषालय के 17 लाख विद्यार्थियों और 50 हजार कर्मचारियों ने ''स्वच्छ विद्यालय और स्वच्छ दिल्ली अभियान'' में अपना योगदान दिया।**

दिल्ली राज्य आद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री अमित यादव ने डीएसआईआईडीसी कार्यालयों में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश से प्रोत्साहित श्री यादव ने कार्यालय परिसर में सफाई अभियान के साथ—साथ कर्मचारियों के साथ आद्योगिक परिसर पटपड़गंज में भी सफाई अभियान में श्रमदान किया।

शिक्षा निदेशालय के 44 विद्यालयों के 2700 विद्यार्थियों ने आज स्वच्छ भारत अभियान के अवसर पर इंडिया गेट में आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। इन सभी विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिलायी गई स्वच्छता षपथ को ग्रहण करते हुए 03 किलोमीटर लंबी वाकाथन में हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग के सभी कार्यालय और विद्यालय खुले रहे। सभी कर्मचारी 9:00 बजे प्रातः कार्यालय पहुंचे और 9:45 पर सभी ने स्वच्छता शपथ ली और उसके बाद सभी सफाई अभियान में जुट गए। निदेशालय द्वारा बच्चों के लिए विद्यालय में मध्याह्न

की शपथ दिलायी और सफाई अभियान की अगुआई की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने—अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में सफाई व स्वच्छता के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित करें और उन्हें सफल बनायें।

हिंदी, संस्कृत, सिंधी, पंजाबी, मैथली, भोजपुरी, उर्दू अकादमियों और साहित्य कला परिषद के सचिवों व अधिकारियों ने शपथ लेकर अपनी—अपनी अकादमियों में स्वच्छता अभियान चलायी और स्वच्छता को अंजाम दिया।

सभी अस्पतालों एवं औषधालयों में डॉक्टरों, कर्मचारियों ने भी स्वच्छता की शपथ ली और अपने—अपने कार्यस्थलों, अस्पतालों और औषधालयों को स्वच्छ और साफ रखने के लिए अभियान चलाया। अभियान के तहत अस्पतालों में गलियारों और शौचालयों की सफाई, ओपीडी ब्लॉक्स की सफाई आदि को सुनिश्चित किया गया। वहीं औषधि नियंत्रक ने भी अपने यहां स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए पुरानी कबाड़ और कूड़े—कचड़े को बाहर किया। ■

# गतिविधियां

## लोक उत्सव 2014 समारोह का उद्घाटन



- दिल्ली के फिरोज़शाह कोटला में चार दिवसीय लोक उत्सव का आयोजन
- लोक उत्सव–14 में सात विभिन्न प्रांतों की लोक संस्कृति की प्रस्तुति
- उत्सव में पश्चिम बंगाल, हरियाणा, मणिपुर, राजस्थान, असम, उत्तराखण्ड और गुजरात की लोक संस्कृति की प्रस्तुति
- पश्चिम बंगाल की लोक संस्कृति छऊ और महिशासुर मर्दन की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत।
- गुजरात की लोक कला दीपक नृत्य तथा रास के विभिन्न रूप अठिगों रास, बावन बेड़ा, मटकी रास, डांडिया रास, नवरंग चुनरी रास और फूलों की होली आदि की प्रस्तुति के साथ समारोह का समापन।
- लोक उत्सव–14 दिल्ली सेलीब्रेट कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा।

कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग ने दिल्ली के फिरोज़शाह कोटला (किला मैदान) में हिन्दी अकेदमी के सहयोग से चार दिवसीय (13–16 नवंबर) लोक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन सांय 6.00 बजे से किया जाएगा। इस समारोह मे रोजाना दो प्रांतों की लोक संस्कृति की प्रस्तुति की गई।

कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के सचिव श्री सज्जन सिंह यादव ने बताया कि राजधानी में देश के विभिन्न प्रांतों के लोगों और उनकी सांस्कृतिक विविधता की झलक देखने को मिलती है। जहां अनेक तीज त्यौहार और सांस्कृतिक उत्सव पूरे वर्ष भर मनाये जाते हैं, जिसमें लोकगीत, संगीत और नृत्य सभी कुछ होता है।

श्री यादव ने यह भी बताया कि राजधानी के लोगों को देश के विभिन्न प्रांतों की संस्कृतियों से साक्षात्कार कराने के उद्देश्य से अकादमी पिछले चार वर्षों से लोक सांस्कृतिक पर्व का आयोजन कर रही है। इस वर्ष लोक उत्सव–14 में देश के सात अलग–अलग प्रांतों की लोक सांस्कृतिक विरासत को चार दिनों तक एक मंच पर सुपरिचित लोक कलाकारों द्वारा मंचित किया गया। यह समारोह दिल्ली सेलीब्रेट कार्यक्रमों की श्रृंखला का एक हिस्सा है।



हिन्दी अकेदमी के सचिव श्री हरिसुमन बिष्ट ने बताया कि समारोह की शुरुआत 13 नवंबर को पश्चिम बंगाल की लोक संस्कृति छऊ और महिषासुर मर्दन की प्रस्तुति के साथ की जाएगी। कार्यक्रम को श्री सृष्टिधर मेहतो

और उनके 14 साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। उसी दिन कार्यक्रम की अगली कड़ी के रूप में हरियाणा की लोक संस्कृति खोड़िया, धूमर, दीपक नृत्य, जलवा पूजन, रागिनी, ब्याह नृत्य–नाटिका की प्रस्तुति हरियाणा कला परिषद द्वारा सुश्री लीला सैनी के निर्देशन में 25 कलाकारों द्वारा दी गई।



14 नवंबर को लोक कला प्रेमियों को मणिपुर की लोक संस्कृति पंग–ढ़ोल चोलम, बसंत राग और स्टिक बैलेंस की झलक देखने को मिली। इसकी प्रस्तुति हयूयान नालोंग मणिपुर थांगटा कल्चरल एसोसिएषन इरिलबुंग मणिपुर के 15 कलाकरा द्वारा श्री मुतुम इबोम्चा सिंह के निर्देशन में दी गई। उसी शाम भोरू सपेरा एण्ड पार्टी के श्री महावीर नाथ और उनके 15 साथी कलाकारों द्वारा राजस्थान की लोक संस्कृति कालबेलिया, चरी, घूमर, तेराताली और भवई की प्रस्तुति की गई।



15 नवंबर को असम की लोक संस्कृति बिहु, भोरताल और बोरदोई शिखिला की प्रस्तुति श्री रजीत कुमार गोगोई और उनके 15 साथी कलाकारों द्वारा दी गई जबकि कार्यक्रम की अगली कड़ी के रूप में पी.एम. प्रोडक्शन के माध्यम से उत्तराखण्ड के कुमाऊ मण्डल की लोक संस्कृति झोडा, छपेली, पनिहार, नंदा राजजात तथा गढ़वाल मण्डल की लोक संस्कृति जौनसारी चौफुला और थाड़िया को 25 कलारों द्वारा मंचित किया गया।

श्री बिष्ट ने बताया कि समारोह का समापन 16 नवम्बर को गुजरात लोक कला की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस शाम गुजरात के दो भिन्न–भिन्न क्षेत्रों की लोक संस्कृति देखने को मिलेगी जहां एक और अफ्रीकी से सदियों पूर्व भरूच में पहुंचे अफ्रीकी मूल के भारत में रचे–बसे 15 भारतीय कलाकारों द्वारा सिद्दी धमाल नृत्य दिखाया गया, वहीं दूसरी ओर इंटरनेशनल अम्बावड़ी कलावृंद, जामनगर के 25 कलाकारों द्वारा गणेश स्थापना दीपक नृत्य तथा रास के विभिन्न रूप अठिगों रास, बावन बेड़ा, मटकी रास, डांडिया रास, नवरंग चुनरी रास और फूलों की होली आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

## चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में 15 बेड की क्षमता के साथ नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई की शुरूआत

- सीएनबीसी को सुपर स्पेशिलिटी सेवाओं के विस्तार के लिए नए भूमि खंड का आवंटन



डीडीए के वाइस चेयरमैन श्री बलविंदर कुमार ने चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय, दिल्ली सरकार में नवजात शिशु गहन चिकित्सा यूनिट की शुरूआत की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री एस.सी.एल दास, सीएनबीसी के निदशक डा0 अनुप मोहता, चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सचिव श्री एस.सी.एल. दास ने बताया कि इस अस्पताल को सरकार ने एक प्रमुख रेफेरल अस्पताल के रूप में स्थापित किया है। नवजात शिशु के गहन चिकित्सा के विशिष्ट उपचार के विस्तार की योजना की यह एक महत्वपुर्ण कड़ी है। इस अस्पताल में 15 बेड के नवजात गहन चिकित्सा के नए यूनिट के शुरूआत की जा रही है जिससे गहन चिकित्सा के उपचार के लिए 35 बेड की व्यवस्था नवजात शिशुओं के लिए उपलब्ध हो जाएगी। यह गहन चिकित्सा यूनिट दिल्ली की सबसे बड़ी नवजात शिशु केयर यूनिट है जो दिल्ली के अलावा पड़ोसी राज्यों से आने वाले नवजात शिशुओं की गहन चिकित्सा के लिए अपनी सेवाएं देगा।

चाचा नेहरू अस्पताल की शुरूआत 216 बेड वाले बाल चिकित्सा सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के तौर पर हुई है, जिसे अपनी विशिष्ट स्वास्थय सेवाओं के लिए NABH एनएबीएच) की मान्यता भी मिली हुई है। यह अस्पताल बाल चिकित्सा के क्षेत्र में देश का एक जाना माना अस्पताल है जो बच्चों के इलाज के लिए अनुकूल वातावरण के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है।

इस अस्पताल के स्थापना 2003 में हुई थी और वर्ष 2013 में 2.3 लाख बच्चों का इलाज ओपीडी में किया गया जिसमें 17,000 दाखिले भी शामिल हैं। इस अस्पताल में 4 से 5 नवजात शिशु गहन चिकित्सा के लिए प्रतिदिन आते हैं जिसमें दिल्ली के अलावा पड़ोसी राज्यों के सरकारी एवं निजी अस्पताल के नवजात शिशु भी शामिल हैं। वर्ष 2013 में इस अस्पताल में कुल 720 नवजात शिशुओं की गहन चिकित्सा सफलता पूर्वक इस अस्पताल में की गई। वर्ष 2014 में अब तक 937 नवजात शिशुओं का इलाज गहन चिकित्सा यूनिट में उपचार किया गया जिसमें 643 नवजात शिशुओं को अस्पताल के गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती भी किया गया।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वाईस चेयरमैन श्री बलविंदर कुमार ने चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय द्वारा बाल चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जाने वाले योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएनबीसी को सुपर स्पेशिलिटी सेवाओं के विस्तार के लिए नए भूमि खंड का आवंटन किया जाएगा।

## राजधानी में पांच दिवसीय पंजाबी रंगमंच महोत्सव का आयोजन

- पांच दिन के महोत्सव में बेहतरीन पंजाबी नाटकों का मंचन
- पंजाबी अकादमी द्वारा 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक आयोजित



दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में पंजाबी अकादमी द्वारा 17 नवंबर से 21 नवंबर, 2014 तक श्रीराम सेन्टर फॉर आर्ट एंड कल्चर, सफदर, मंडी हाउस में पंजाबी रंगमंच महोत्सव का आयोजन किया गया। पिछले संस्करण की तरह इस पंजाबी रंगमंच महोत्सव में कुछ मंत्रमुग्ध करने वाले नाटकों का प्रदर्शन किया गया। यह महोत्सव पांच दिन तक चलेगा और इसके तहत श्री राम सेंटर ऑफ आर्ट एंड कल्चर में हर शाम बेहतरीन पंजाबी नाटकों का मंचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाम के 6.30 बजे से हुआ। इस कार्यक्रम में कला प्रेमियों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया।

कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के सचिव श्री एस. एस. यादव ने बताया, ''हमने राष्ट्रीय राजधानी में बेहतरनी कार्यों को पेश करने के लिए निरंतर प्रयास किया है। मुझे इस बात को लेकर खुशी है कि पंजाबी थियेटर के बेहतरीन कार्यों को जनता के लिए प्रदर्शित किया गया।''

श्री यादव ने बताया कि पंजाबी रंगमंच महोत्सव का शुभारंभ सादत हसन मंटो की चार कहानियों पर आधारित एक नाटक 'कुझ अफसाने' के साथ 17 नवंबर को हुआ। बीयू, ठंडा गोस्त, धुआं और काली सलवार का शुमार मंटो के बेहतरीन कार्यों में किया जाता है जिसे थिएटर के जाने

माने व्यक्तित्व कुलजीत सिंह के निर्देशन में नाटकीय रूप दिया गया है।

महोत्सव के तीसरे दिन 19 नवंबर को पंजाबी थिएटर के सबसे प्रख्यात निर्देशकों में से एक श्री केवल धालीवाल द्वारा निर्देशित नाटक 'तसवीरां' का मंचन किया गया। केवल धालीवाल के कई उल्लेखनीय कार्यों में से 'सामाजिक परिवर्तन के लिए थियेटर' उनकी एक महत्ववूर्ण पहल है, जिसके तहत उनके द्वारा आतंकवाद की अवधि के दौरान पंजाब के दूरदराज के गांवों में दो सौ शो का आयोजन किया जाना सबसे सराहनीय है। इससे अटारी से लेकर भिखिविंड तक भारत – पाक सीमा के ग्रामीण लोगों की मानसिकता में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

'फरीदा राती वाडियन' नाटक का मंचन 20 नवंबर को किया जाएगा। यह गुरदयाल सिंह के उपन्यास – अद्ध चाननी रात का नाटकीय रूपांतर है। प्रीतम सिंह रूपल द्वारा निर्देशित इस नाटक में ग्रामीण पंजाब के एक व्यक्ति के अंतर्निहित प्रकृति और स्वभाव को दर्शाया गया है। यह नाटक इस बात पर प्रकाश डालता है कि आत्मसम्मान वाला एक गरीब आदमी किस प्रकार अकेले ही बेईमानी, झूठ और पाखंड से भरी समकालीन सामाजिक व्यवस्था का सामना कैसे करता है।



कीर्ति कृपाल द्वारा निर्देशित नाटक 'मेन भगत सिंह' महोत्सव के समापन दिवस नवम्बर 21 का मुख्य आकर्षण रहा। यह नाटक हमारे महान नायक शहीद भगत सिंह को समर्पित है। इस कहानी में यह दिखाया गया है कि हमें कुछ करने के लिए जादू या चमत्कार का इंतजार नहीं करना चाहिए। हर भारतीय के अंदर एक भगत सिंह है, जिसे जगाने की आवश्यकता है, ताकि हम देश के दुश्मनों से लड़ सकें।

दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में पंजाबी अकादमी सबसे बेहतर पंजाबी नाटकों का एक मंच पर एक साथ प्रदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हर साल, देश के हर हिस्से से काफी संख्या में कलाकार दिल्ली की सेलिब्रिटी के लिए कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन कर दिल्ली को रंग, संगीत, नृत्य, नाटक, महक और जोश से भर देते हैं। पंजाबी रंगमंच महोत्सव पंजाबी अकादमी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में से एक शानदार उदाहरण है।

इस महोत्सव के बारे में पंजाबी अकादमी के सचिव श्री जवाहर धवन ने कहा, ''पंजाबी अकादमी पंजाबी संस्कृति के सबसे अच्छे कार्यों को बढ़ावा देने के लिए हमेशा सबसे आगे रही है। इन कार्यों में थियेटर की लोगों को आपस में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है इसलिए हम दिल्ली वासियों से उम्मीद कर रहे हैं कि वे हमारे प्रयास को पसंद करेंगे और उसकी सराहना करेंगें।''

रवि तनेजा द्वारा निर्देशित 'सिकंदर दी जीत' नाटक ने दर्शकों को मंत्रगुग्ध कर दिया। इतिहास पर आधारित सिकंदर दी जीत को नाटकीय रूप में प्रदर्शित किया गया। यह नाटक इतिहास के शुरूआत से हमारी सभ्यता को लेकर इन सवालों के बारे में विशद जानकारी प्रदान करता है कि कौन बड़ा है : गौतम बुद्ध या अलेक्जेंडर द ग्रेट? कौन ताकतवर है : कलम या तलवार? जीवन या मौत? पूर्व या पश्चिम? शांति या युद्ध?

## राजधानी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहार

### पर्यटन विभाग ने किया दिल्ली हाट उत्सव का आयोजन

दिल्ली पर्यटन द्वारा आयोजित दिल्ली हाट उत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तीनों दिल्ली हाट में प्रत्येक सप्ताहंत शनिवार और रविवार को किया गया। यह उत्सव दिल्ली पर्यटन और कला, सांस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार के सहयोग से किया जा रहा हैं। दिल्ली हाट उत्सव में साहित्य कला परिषद, हिंदी अकेदमी, उर्दू अकेदमी और पंजाबी अकेदमी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




इसके साथ ही दिल्ली में अनेक विरासतें धरोहर के रूप में हमें मिली हुई है, जिनको देखने के लिए विश्वभर से पर्यटक यहां पर खिचें चले आते है। दिल्ली हाट भी इसी कड़ी की एक श्रृंखला है जहां पर विभिन्न राज्यों के हस्तकला, हस्तशिल्प और खान–पान का आनन्द लिया जा सकता है।




पर्यटन विभाग के सचिव श्री एस.एस.यादव ने बताया कि इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा दिल्ली में केवल देसी पर्यटकों को ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित करना है। इसके साथ उन नए कलाकारों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो कि अपनी कला का प्रदर्शन कर वाह–वाही हासिल कर सकें और अपनी पहचान बना सकें। हमारे देश में पाश्चात्य सभ्यता का बोल–बाला बढ़ रहा है वहीं पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा अपनी संस्कृति को बरकरार रखना भी एक मकसद है।

दिल्ली हाट पीतम पुरा–हिंदी अकेदमी द्वारा शनिवार को भरतनाट्यम (सरोज वैद्यनाथन) की प्रस्तुति गणेश नाट्यशाला द्वारा दी जाएगी। हाई–टाईड ग्रुप द्वारा संगीत की मस्ती का समा बांधा जाएगा। जिसमें संस्कृत, हिंदी और लोक गीतों के साथ कुछ भजनों का भी आनंद लिया गया।

दिल्ली हाट जनक पुरी – पंजाबी अकेदमी द्वारा एक संगीतमय शाम का आनंद शनिवार को अमित देव और पार्टी के साथ लिया गया।

## फूलवालों की सैर हमारी सामसिक तहज़ीब का प्रतीक

- मुख्य सचिव को फूलवालों की सैर का पारंपरिक पंखा भेंट किया गया




दिल्ली के मुख्य सचिव श्री दीपक मोहन स्पोलिया ने कहा है कि पारंपरिक फूलवालों की सैर हमारी मिली–जुली संस्कृति की प्रतीक है। यह सालाना सैर मुगल काल से आयोजित की जाती है। अंग्रेजों के शासन के दौरान इस सैर को रोक दिया गया था, लेकिन बाद में 1961 में प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू की पहल पर दिवंगत श्री योगेश्वर दयाल ने इसे फिर शुरू किया था। मुख्य सचिव ने कहा कि इस उत्सव से हिन्दू–मुस्लिम एकता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूती मिली। इसमें विभिन्न राज्यों द्वारा पंखे भेजे जाते हैं और उनके सांस्कृतिक दल शामिल होते हैं। श्री स्पोलिया ने कहा कि अब समय आ गया है कि इसमें समाज के सभी लोग भी शामिल होकर सद्भाव के इस उत्सव का अंग बनें। आज दिल्ली सचिवालय में आयोजित समारोह में इस कार्यक्रम की आयोजक संस्था– अंजुमन सैर ए गुल फरोशा की श्रीमती उषा कुमार ने श्री स्पोलिया को आकर्षक पंखा भेंट किया। फूलवालों की सैर के दौरान

प्रति वर्ष ख्वाजा बख्तियार काकी की दरगाह पर चादर चढ़ाई जाती है और योगमाया मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। इस दौरान कव्वाली तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है।



इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मंडलायुक्त श्री ज्ञानेश भारती, सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव श्री पी. सी. जैन और अतिरिक्त जिलाधीश डॉ. अनिल अग्रवाल भी मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

